प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पीजी कर रहे आयुष डॉक्टरों को शत–प्रतिशत वेतन देने के दिए निर्देश।
- व्यापार सुगमता सुधारों में बेहतर प्रदर्शन के लिए केंद्र ने हिमाचल को किया सम्मानित।
- करीब दो साल के अंतराल के बाद कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच एलायंस एयर ने हवाई सेवा की शुरू–पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को मिली राहत।
- शिक्षा मंत्री ने कहा–आपदा प्रभावित स्कूल भवनों की मरम्मत और पुनर्निमाण कार्यों को विशेष प्राथमिकता दे रही है सरकार।

और

- प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में लगातार कमी के चलते बढ़ी ठिठुरन।

अब समाचार विस्तार से..........

पीजी डॉक्टर्स

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आयुष विभाग के तहत पीजी कर रहे डॉक्टरों को शत–प्रतिशत वेतन देने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पिछली अधिसूचना में केवल 40 प्रतिशत वेतन देने का प्रावधान था। शिमला में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है और इस पहल में आयुष विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य की जलवायु और प्राकृतिक परिवेश स्वास्थ्य पर्यटन की आपार संभावनाएं प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग को उच्च ओपीडी टर्नआउट वाले आयुष स्वास्थ्य संस्थानों का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए ताकि इन सुविधाओं को और मजबूत किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन संस्थानों में रोगियों की संख्या अधिक है उन्हें पर्याप्त स्टाफ और बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग को बेहतर ट्रैकिंग और सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए रोगी डाटा को हिम परिवार के आंकड़ों पर एकीकृत करने के भी निर्देश दिए।

इस बीच मुख्यमंत्री आज शिमला की लिफ्ट पार्किंग के पास हिमाचल हॉट की आधारशिला रखेंगे। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे इस हॉट में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों को बिक्री के लिए रखा जाएगा।

सम्मान

व्यापार सुगमता सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने प्रदेश को सम्मानित किया है। यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल ने कल नई दिल्ली में राज्य सरकार की ओर से आवासीय आयुक्त अजय यादव को प्रदान किया। राज्य को यह पुरस्कार तीन प्रमुख क्षेत्रों निर्माण अनुमति सुगमता, सेक्टर विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा और सेवा क्षेत्र में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए दिया गया। यह उपलब्धि निवेश को प्रोत्साहित करने, पारदर्शी शासन व्यवस्था लागू करने और उदयोगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है।

हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने नगर निगम शिमला के मेयर का कार्यकाल पांच वर्ष करने के लिए लाए गए अध्यादेश पर फिलहाल रोक नहीं लगाई गई है। न्यायालय ने निर्णय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर प्रदेश सरकार को जवाब दायर करने का अंतिम अवसर दिया है। प्रार्थी ने अंतरिम राहत के तौर पर अध्यादेश के अमल पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी जिसे कोर्ट ने फिलहाल अस्वीकार कर दिया है। अब सुनवाई 27 नंवबर को होगी।

एलायंस एयर

करीब दो साल के अंतराल के बाद कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच एलायंस एयर हवाई सेवाएं शुरू हो गई है। इस हवाई सेवा के शुरू होने के बाद अब स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों व कारोबार से जुड़े लोगों को लाभ पहुंच रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता।

लगभग दो साल के अंतराल के बाद कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच एलायंस एयर द्वारा हवाई सेवा शुरू कर दी गई है जिससे पर्यटकों व् स्थानीय लोगो को अब चंडीगढ़ आना–जाना आसान हो गया है। कुल्लू–चंडीगढ़ के बीच यह उड़ाने सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, वीरवार व् शनिवार को संचालित हो रही है। जो लोग सड़क मार्ग पर से सफर नहीं कर सकते है उनके लिए हवाई मार्ग से मनाली पहुँचना अच्छा विकल्प है। इसके अलावा स्थानीय लोगो को भी चंडीगढ़ जाने में सुविधा होने के साथ–साथ समय की भी बचत होती है। कुछ वर्ष पहले भून्तर स्थित कुल्लू–मनाली हवाई अड्डे से काफी उड़ानें थी परन्तु विगत कुछ वर्षो से उड़ाने कम होने से यहां का पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हो रहा था। परन्तु अब चंडीगढ़ से हवाई सेवा शुरू होने से यहां के पर्यटन कारोबार को पंख लगने की संभावना है।

एमओयू

प्रदेश विश्वविद्यालय ने सहयोगात्मक अनुसंधान व विकास पहलों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना के साथ एमओयू साईन किया है। कल शिमला में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ब्रिगेडियर अनुराग पांडे ने भारतीय सेना और कुलपति प्रोफेसर महाबीर सिंह ने प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत भारत तिब्बत संबंधों पर संयुक्त ऐतिहासिक

शोध, निवेश और सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों पर आर्थिक और विकासात्मक अध्ययन, ड्रोन प्रोद्यौगिकी, साइबर सुरक्षा सहित हरित उर्जा पर पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए पहल शामिल है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि आपदा प्रभावित स्कूल भवनों की मरम्मत और पुनर्निमाण कार्यों को प्रदेश सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। शिमला में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस मानसून सीजन के दौरान प्रदेश के लगभग एक हजार 4 सौ 11 शैक्षणिक संस्थानों को एक सौ 26 करोड़ रूपए से अधिक की क्षति का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की शिक्षा वाधित न हो इसके मद्देनज़र उपनिदेशकों को शिक्षण संस्थानों के पुनर्निमाण और मरम्मत कार्यों के लिए हिमुडा को धनराशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने दावा किया कि सरकार शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

लोक सेवा प्रसारण दिवस

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर साल 12 नवंबर को राष्ट्रपिता और स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी के रेडियो के माध्यम से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

मौसम

प्रदेश में सुबह–शाम की ठंड में लगातार इजाफा होता जा रही है। अधिकतर जिलों में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सैल्सियस से नीचे चला गया है जिससे सुबह और शाम के समय ठिठुरन काफी बढ़ गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी......

––डिस्पैच––

राज्य के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी के चलते लगातार ठंड में बढ़ौतरी हो रही है और रातें काफी सर्द हो गई हैं। प्रदेश में पड़ रही सुखी ठंड की वजह से मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का प्रकोप भी बढ गया है। मौसम विभाग ने अगले चार–पांच दिनों तक मंडी और बिलासपुर जिले के लिए कोहरे का अलर्ट भी जारी किया है। विभाग ने आगामी छह दिनों तक प्रदेश मे मौसम इसी तरह शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

दिल्ली हवाई अड्डा–यात्री परामर्श

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण दिल्ली हवाई अड्डेपर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इससे वहां सुरक्षा जांच में सामान्य से अधिक समय लग रहाहै। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड–डीआईएएल ने यात्रियों को परामर्श जारी करके कहा है कि वे इसी अनुसार यात्रा पर

निकलने की योजना बनाएं और अंतिम समय में किसी असुविधा से बचने के लिए समय से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें। डीआईएएल ने यात्रियों को आश्वस्त किया है कि सभी टीमें सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि असुविधा में कमी लाते हुए सभी के लिए सुरक्षित, सुगम यात्रा सुनिश्चित हो।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है पीजी कर रहे आयुष डॉक्टरों का पूरा वेतन मिलेगा। पंजाब केसरी व हिमाचल दस्तक के एक जैसे शब्द हैं हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में 20 स्थानों पर विंड टरबाइन परियोजनाएं स्थापित करेगी सेना। दैनिक जागरण का शीर्षक है पवन ऊर्जा से जगमगाएंगे चीन सीमा से सटे गांव।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है सरकार ने बदले 25 एच.पी.एस अधिकारी।

दिल्ली ब्लास्ट के बाद खुफिया विभाग सतर्क शीर्षक से दैनिक भास्कर ने खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है हिमाचल में भी अलर्ट जारी, राज्य के सभी एंट्री प्वाइंट पर बढ़ी सुरक्षा।

आपका फैसला की एक खबर है सहयोगात्मक अनुसंधान व विकास पहलों को बढ़ावा देने के लिए ब्रिगेडियर और कुलपति प्रोफेसर ने किए हस्ताक्षर।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पीजी कर रहे आयुष डॉक्टरों को शत–प्रतिशत वेतन देने के दिए निर्देश।
- व्यापार सुगमता सुधारों में बेहतर प्रदर्शन के लिए केंद्र ने हिमाचल को किया सम्मानित।
- करीब दो साल के अंतराल के बाद कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच एलायंस एयर ने हवाई सेवा की शुरू–पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को मिली राहत।
- शिक्षा मंत्री ने कहा–आपदा प्रभावित स्कूल भवनों की मरम्मत और पुनर्निमाण कार्यों को विशेष प्राथमिकता दे रही है सरकार।
- प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में लगातार कमी के चलते बढ़ी ठिठुरन।

.........................